भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 173
उत्तर देने की तारीख **16** मार्च, **2023**
25 फाल्गुन, **1944** (शक)
निरीक्षण समिति द्वारा की गई पूछताछ का विवरण

173 श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पर लगे हाल के आरोपों के बारे में जानकारी है, यदि हां, तो इस संबंध में गठित निरीक्षण समिति द्वारा की गई जांच का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार की डब्ल्यूएफआई के लिए एक नई प्रशासनिक समिति बनाने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

निरीक्षण समिति द्वारा की गई पूछताछ का विवरण के संबंध में श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा दिनांक 16.03.2023 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 173 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख) : जी हां । हाल ही में कुछ पहलवानों ने भारतीय कुश्ती परिसंघ (डब्ल्यूएफआई) के कार्यकरण में यौन उत्पीड़न, मनमानी और कुप्रबंधन के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन/ धरना दिया। चूंकि, यह मामला एथलीटों की भलाई से संबंधित था, इसलिए मंत्रालय ने तत्काल आरोपों का संज्ञान लिया और अंतरिम उपाय के रूप में डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति को डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के कार्यों के प्रशासन और प्रबंधन से दूर रहने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, सरकार ने प्रमुख खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए यौन कदाचार, उत्पीड़न और/ या धमकाने, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक चूकों के आरोपों की जांच करने तथा डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन को चलाने के लिए पूर्णतया एक अंतरिम उपाय के रूप में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता तथा ओलंपिक पदक विजेता सुश्री एम.सी. मैरीकॉम की अध्यक्षता में एक ओवरसाइट समिति नियुक्त की है।

****